Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to simplify the process of GST refund claims -laid.

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा): मैं सरकार का ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र भीलवाड़ा में कपड़ा मंडी की ओर आकर्षित करना चाहता हूं, जहां पर हर प्रकार के कपड़े का निर्माण होता है। उसके लिए जो धागा (मेन मेड यार्न) काम में लाया जाता है, उस पर जीएसटी की दर 12 प्रतिशत है तथा तैयार कपड़े पर जीएसटी की दर 5 प्रतिशत है इस कारण कपड़ा निर्माताओं की जीएसटी की राशि जमा रहती है। कपड़ा निर्माताओं को क्रेडिट राशि के रिफण्ड मिलने है इसके लिए 1 अगस्त, 2018 से सिन्थेटिक कपड़ा निर्माताओं को रिफण्ड जारी करने का नोटिफिकेशन आया है परन्तु 5 महीने बाद भी रिफण्ड नहीं मिल पाया है।

मेरे लोकसभा क्षेत्र भीलवाड़ा की 400 इकाईयों का करीब 75 करोड़ रूपये से ज्यादा का रिफण्ड अटका हुआ है। मैं वित्त मंत्री महोदय से आग्रह करता हूं कि जीएसटी रिफण्ड के लिए सक्षम स्तर से स्पष्ट निर्देश प्रदान करायें तथा इस जटिलता को समाप्त करने के लिए मेन मेड यार्न पर 12 प्रतिशत की जगह यदि 5 प्रतिशत जीएसटी की दर निर्धारित हो जाये तो कपड़ा निर्माताओं को राहत मिलेगी।